भोपाल विमानतल पर माननीय संसदीय राजभाषा समिति के आगमन पर श्री रविकांत, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवम प्रशासन) विमानपत्तन निदेशक श्री रामजी अवस्थी के साथ समन्वय कार्यालय ‘भारतीय खाद्य निगम ’ एवं अन्य कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कल संसदीय राजभाषा समिति ने भोपाल में भाविप्रा के भोपाल कार्यालय के साथ निरीक्षण बैठक की। इस दौरान समिति ने मंत्रालय एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हो रहे राजभाषा हिंदी के कार्यों का अवलोकन किया।

समिति की दूसरी उप समिति की निरीक्षण बैठक स्थान – भोपाल
आरईसी
REC
पावरग्रिड
POWERGRID

भाविप्रा, भोपाल कार्यालय का राजभाषा निरीक्षण दिनांक 19/10/2022 की शाम को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें नागर विमानन मंत्रालय, भाविप्रा निगमित मुख्यालय, नई दिल्ली, क्षेत्रीय मुख्यालय, मुंबई तथा भोपाल कार्यालय के अधिकारियों द्वारा भाग लिया।

उक्त निरीक्षण में माननीय समिति द्वारा भाविप्रा भोपाल कार्यालय में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

माननीय समिति द्वारा भोपाल कार्यालय द्वारा लगाई गई राजभाषा प्रदर्शनी का भी जायजा लिया व सराहना की गई |